हिंदुस्तान मोटर्स का 'वीर' लांच

संवाददाता ▪ कोलकाता

हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2013-14 तक अपने विक्रय को बढ़ाकर पांच गुना करने का लक्ष्य रखा है. फिलहाल कंपनी हर वर्ष 10 हजार वाहन बेच रही है, जिसे अगले दो वर्षों में 50 हजार किया जायेगा. यह जानकारी सोमवार को कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज झा ने महानगर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी. ज्ञात रहे कि सोमवार को कंपनी की ओर से डीजल चालित स्माल कमर्शियल वेहिकल (एससीवी) 'वीर' को लांच किया गया. इस मौके पर श्री झा ने बताया कि पैसेंजर वाहनों की अपेक्षा वाणिज्यिक वाहनों के बाजार में काफी वृद्धि हो रही है. फिलहाल कंपनी सालाना 80:20 के

कमर्शियल बेहिकल वीर के साथ कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज झा. फोटो। प्रभात खबर

अनुपात में पैसेंजर व वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री करती है, जिसे 50 :50 करने का लक्ष्य रखा गया है. कंपनी द्वारा इस वर्ष पांच वाहनों को लांच किया जायेगा. कंपनी ने जनवरी तक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वेहिकल (एसयूवी) लांच करने की भी योजना बनायी है. इस समय पूर्वी भारत से वीर एससीवी को लांच किया जा रहा है. आनेवाले समय में पूरे देश में इसे लांच किया जायेगा.